दिनांक 21.12.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

**महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव से गोंडवाना महिला समिति की महिलाओं ने किया मुलाकात'**

**भिलाईनगर**/महापौर से विधायक बने देवेंद्र यादव को बधाई देने के लिए सुबह से उनके निवास पर बधाई देने वालों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है ।बच्चे, युवा, बुजुर्ग, या महिलाएं हो हर वर्ग के लोगों के द्वारा महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

महापौर देवेंद्र यादव सभी से मुलाकात कर रहे हैं एवं कुछ लोग अपनी समस्या लेकर आ रहे हैं उन समस्याओं को सुनकर महापौर देवेंद्र यादव समस्याओं का समाधान हेतु त्वरित प्रयास कर रहे हैं।

आज बड़ी संख्या में वार्ड क्र. 59 रिसाली सेक्टर दक्षिण के पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर (चिन्टू) के अगुवाई में गोंडवाना महिला समिति की महिलाओं द्वारा महापौर देवेंद्र यादव को भिलाई नगर विधानसभा से विधायक बनने पर बधाई देने पहुंचे थे समिति द्वारा सामाजिक स्थल पर बाउंड्री वॉल को लेकर आ रही समस्या से अवगत कराया जिस पर महापौर व विधायक देवेंद्र यादव द्वारा जल्द ही कार्य की विवेचना कर कार्य प्रारंभ करने के लिए प्रयास करने की बात कही एवं मुलाकात एवं बधाई देने के लिए उपस्थित सभी लोगों से भिलाई नगर विधानसभा से विधायक चयन करने पर धन्यवाद दिया।

**जनसम्पर्क अधिकारी**